भारत सरकार

सूचना और प्रसारण मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 492

(दिनांक 22.07.2026 को उत्तर देने के लिए)

कोल्लम् के पाटनपुरम में नए एफएम रेडियो स्टेशन की स्थापना

492. श्री कोडिकुन्नील सुरेशः

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को केरल के कोल्लम् जिले के पाटनपुरम में एक नया एफएम रेडियो स्टेशन स्थापित करने का कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने कोल्लम् जिले के पूर्वी और पर्वतीय क्षेत्रों तथा उनके आस-पास के क्षेत्रों में रेडियो कवरेज में सुधार करने के लिए पाटनपुरम में एक एफएम रेडियो स्टेशन स्थापित करने की व्यवहार्यता और आवश्यकता का मूल्यांकन किया है;

(ग) यदि हाँ, तो क्या ऐसे स्टेशन के लिए आवृत्ति की उपलब्धता, पारेषण अवसंरचना और कवरेज के संबंध में कोई सर्वेक्षण या तकनीकी अध्ययन किया गया है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार का विचार प्रसार भारती के तहत या निजी एफएम प्रसारण नीति के माध्यम से पाटनपुरम में एक नया एफएम रेडियो स्टेशन स्थापित करने का है और यदि हाँ, तो इसकी समय-सीमा और तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) पाटनपुरम सहित कोल्लम् जिले के पूर्वी हिस्सों में एफएम रेडियो कवरेज और सार्वजनिक प्रसारण सेवाओं में सुधार करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं या उठाए जाने का प्रस्ताव है?

उत्तर

सूचना और प्रसारण एवं संसदीय कार्य राज्य मंत्री

(डॉ. एल. मुरूगन)

(क) से (ङ): प्रसारण अवसंरचना और नेटवर्क विकास (बीआईएनडी) स्कीम देश में दूरदर्शन एवं आकाशवाणी के प्रसारण अवसंरचना के विकास, आधुनिकीकरण तथा उन्नयन के लिए एक केंद्रीय क्षेत्र की स्कीम है। वर्ष 2021-26 की अवधि के लिए इस स्कीम को ₹2539.61 करोड़ के कुल परिव्यय के साथ अनुमोदित किया गया है। इस स्कीम की अवधि 31.03.2027 तक बढ़ा दी गई है।

इस स्कीम के अंतर्गत आकाशवाणी के ट्रांसमीटरों एवं स्टूडियो की स्थापना तथा आधुनिकीकरण, डीडी फ्री डिश डीटीएच प्लेटफॉर्म एवं डीडी टीवी चैनलों का विस्तार शामिल है। इसमें कार्यक्रम निर्माण एवं प्रसारण सुविधाओं का उन्नयन भी शामिल है।

नए ट्रांसमीटरों की स्थापना आवश्यकता के आकलन, उपलब्ध संसाधनों, परस्पर-प्राथमिकता तथा व्यवहार्यता के आधार पर एक सतत प्रक्रिया है।

वर्तमान में केरल राज्य में आकाशवाणी के 14 प्रसारण केंद्र कार्यरत हैं, जिनमें विभिन्न क्षमता के कुल 19 ट्रांसमीटर (4 मीडियम वेव तथा 15 एफएम) हैं। पुनलूर (कोल्लम जिले में) स्थित 100 वाट क्षमता का एक एफएम रिले केंद्र कार्यरत है, जो पथनापुरम से लगभग 12 किलोमीटर की रेडियल दूरी पर स्थित है।

इसके अतिरिक्त, प्रसार भारती द्वारा "डीडी फ्री डिश", एक बहु-चैनल फ्री-टू-एयर डायरेक्ट-टू-होम (डीटीएच) सेवा का संचालन किया जा रहा है। इसके सिग्नल देशभर में, जिसमें कोल्लम जिले के पूर्वी एवं पर्वतीय क्षेत्र तथा उससे सटे क्षेत्र भी शामिल हैं, प्राप्त किए जा सकते हैं। दूरदर्शन चैनलों के अतिरिक्त, डीडी फ्री डिश पर आकाशवाणी के 48 से अधिक चैनल तथा 300 से अधिक सह-ब्रांडेड शैक्षिक चैनल उपलब्ध हैं। "न्यूज़ऑनएआईआर" मोबाइल ऐप के माध्यम से आकाशवाणी के 260 से अधिक चैनलों को भी सुना जा सकता है।

प्रसार भारती द्वारा वेव्स ओटीटी प्लेटफॉर्म भी प्रारंभ किया गया है, जिसके माध्यम से दूरदर्शन एवं आकाशवाणी के विभिन्न चैनलों के साथ-साथ निजी प्रसारकों के अनेक लोकप्रिय मनोरंजन एवं समाचार चैनलों की लाइव स्ट्रीमिंग उपलब्ध कराई जाती है।

***